प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.03.2024/प्रादेशिक समाचार/ 09:20 बजे

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह भूटान की राजकीय यात्रा पर रवाना हो गए। यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक से मुलाकात करेंगे।

विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह यात्रा भारत और भूटान के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान–प्रदान की परंपरा और सरकार की पड़ोसी प्रथम नीति के अनुरूप है। मंत्रालय ने कहा है कि भारत और भूटान के बीच एक अनूठी और स्थायी साझेदारी है जो आपसी विश्वास, समझ और सद्भावना पर आधारित है। मंत्रालय के अनुसार यह यात्रा दोनों पक्षों को परस्पर हित के द्विपक्षीय तथा क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों के आदान–प्रदान और दोनों देशों के लोगों के फायदे के लिए इस असाधारण साझेदारी का दायरा बढाने के तरीकों पर विचार–विमर्श का अवसर प्रदान करेगी।
आज विश्व जल दिवस है । हर साल आज ही के दिन 22 मार्च को दुनियाभर में विश्व जल दिवस मनाया जाता है । पहली बार विश्व

जल दिवस साल 1993 में मनाया गया था। -इस वर्ष विश्व जल दिवस– 2024 की थीम– वाटर फॉर पीस

यानी शांति के लिए जल । इस दिन को मनाने का उद्देश्य, लोगों को पानी का महत्व समझाना और पानी बचाने के लिए जागरुक करना है.। देश सहित प्रदेश भर में आज इस अवसर पर विभिन्न जागरूक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

हमीरपुर ज़िले के सुजानपुर में मनाया जाने वाला राष्ट्रस्तरीय होली उत्सव कल से 26 मार्च तक मनाया जाएगा। हमीरपुर के अतिरिक्त ज़िला दण्डाधिकारी मनेश यादव ने बताया कि होली उत्सव के लिए ज़िला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल कल इस उत्सव का शुभारम्भ करेंगे जबकि 26 मार्च को मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। मनेश यादव ने बताया कि लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत मेले के दौरान स्वीप कार्यक्रम से संबंधित जानकारी भी लोगों को दी जाएगी।

निर्वाचन आयोग भ्रामक सूचना की चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। आयोग ने कड़े दिशा–निर्देश जारी करते हुए सभी हितधारकों से जिम्मेदारीपूर्ण व्यवहार करने और सतर्क रहने का आग्रह किया है। इस स्थिति की गंभीरता का उल्लेख करते हुए आयोग ने किसी प्रकार की भ्रामक सूचना का प्रसार करने से पहले राजनीतिक पार्टियों को उनकी जांच करने को कहा है।

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्की धूप के बीच बादल छाए हुएं हैं। वहीं जनजातीय क्षेत्र लाहौल स्पीति में बीती रात से रुक –रुककर बारिश व बर्फबारी का क्रम जारी है। इस बर्फबारी व खराब मौसम से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है वहीं घाटी में बिजाई कार्य भी प्रभावित हो रहा है ।जिले में न्यूनतम तामपान अभी भी माईनस 4 से 10 डिग्री सेल्सियस नीचे चल रहा है। पिछले दिनों हुए भारी बर्फबारी के बावजूद मनाली लेह व दारचा –सरचू सड़क में बर्फ हटाने का कार्य युध्दस्तर पर जारी है लेकिन खराब मौसम व बर्फबारी से सीमा सड़क संगठन द्वारा बर्फ हटाने का कार्य प्रभावित हो रहा है । वहीं मौसम विभाग आगामी 3 दिनों तक मौसम के खराब बने रहने की संभावना जताई है।

<u>एक नजर अखबारों की सुर्खियो पर....</u>

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश से जुड़ी खबर को प्रमुख्ता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला के शब्द हैं– फोरलेन पर मलबा, हाई कोर्ट की एनएचएआई को फटकार। पंजाब केसरी और दैनिक भास्कर के लगभग एक जैसे शब्द है– एनएचएआई भूमि पर अतिक्रमण पर हो तुंरत कार्रवाई– कीरतपुर, नैरचौक, मनाली फोरलेन के आसपास कब्जों पर न्यायालय सख्त। दिव्य हिमाचल की सूर्खी है– कीरतपूर, नैरचौक, मनाली फोरलेन से तुरंत हटाएं अवैध कब्जें। आपका फैसला के अनुसार कालका शिमला फोरलेन पर जगह जगह मलबा होने पर हाईकोर्ट ने एनएचएआई को लगाई फटकार। अमर उजाला की एक अन्य खबर है– प्रतिभा को अध्यक्ष पद से हटाने के लिए विधायकों का हाईकमान को पत्र। दैनिक जागरण के अनुसार कांग्रेस में सब ठीक नहीं अब प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा को हटाने की चर्चा। हिमाचल दस्तक लिखता है–हिमाचल आएगा 16वां वित्तायोग, मांगा समय– 2026–27 से 2030–31 तक देंगे सिफारिशें, आयोग के चेयरमेन की आई चिटठी। इसी पत्र की एक अन्य खबर है– सीएम सुक्खू ने ओकओवर में की विधायकों, मंत्रियों से मंत्रणा। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है– नडडा से बागी विधायकों की लंबी बैठक– भाजपा में शामिल होने से पहले पूरी हो रहीं औपचारिकताएं। एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री के तबादला आदेश पर लगाई रोक शीर्षक से हिमाचल दस्तक ने लिखा है सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत, अगली सुनवाई 15 अप्रैल को। दैनिक भास्कर की एक अन्य खबर है– आचार संहिता के कारण लॉ और एमबीए डिपार्टमेंट में असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती की इंटरव्यू प्रक्रिया स्थगित। अमर उजाला की एक अन्य खबर है– सीपीआरआई छह साल बाद अब फिर तैयार करेगा आलू बीज।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सूर्खी है 24 तक पहाडो में हिम मार्च, लाहौल में हुई बर्फबारी, कुल्लू में भी बिगडने लगा मौसम–बर्फबारी के अलावा प्रदेश के कुछ स्थानों में अंधड व ओलावृष्टि का भी अलर्ट। आपका फैसला के शब्द है– हिमाचल के कई भागों में आज बारिश व बर्फबारी का अनुमान।